हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है: एसएसपी



11 समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में समाधान...




# जिले में धड़ल्ले से बिक रहे नामी पान मसाला-गुटखे और डुप्लीकेट ब्रांड की सिगरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नामी पान मसाला, गुटखा, ब्रांडेड सिगरेट सहित अन्य नामी कंपनियों के उत्पादों की नकली (डुप्लीकेट) सामग्री खुलेआम बिक रही है। असली ब्रांड के नाम और पैकिंग की नकल कर बाजार में उतारी जा रही यह सामग्री न केवल उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे गोरखधंधे पर अंकुश लगाने वाले संबंधित विभाग पूरी तरह खामोश नजर आ रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक किराना दुकानों, पान ठेलों और गुमटियों पर नमी पान मसाला, गुटखा और नामी कंपनियों की सिगरेट के डुप्लीकेट उत्पाद आसानी से उपलब्ध हैं। बाहरी पैकिंग इतनी हूबहू बनाई जाती है कि आम उपभोक्ता असली और नकली में अंतर तक नहीं कर पाता। शौकीन लोग ब्रांडेड वस्तु समझकर इन्हें खरीद रहे हैं, लेकिन असल में वे डुप्लीकेट सामग्री की कीमत चुका रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार नकली पान मसाला और सिगरेट की यह खेप पड़ोसी जिलों और राज्यों से सप्लाई की जा रही है। कम लागत में तैयार की गई यह सामग्री अधिक मुनाफे के लालच में बाजार में खपाई जा रही है। इनमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और तंबाकू की गुणवत्ता बेहद घटिया होने की आशंका जताई जा रही है, जो कैंसर, फेफड़ों और पेट संबंधी गंभीर बीमारियों को न्योता दे सकती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका और पुलिस जैसे जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। न तो नियमित जांच हो रही है और न ही सैंपल लेकर प्रयोगशाला परीक्षण की जानकारी मिल रही है। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि या तो विभागीय उदासीनता हावी है या फिर पूरा तंत्र आंख मूंदे बैठा है।

## सेहत से खिलवाड़, जिम्मेदार मौन



### जनस्वास्थ्य पर खतरा

चिकित्सकों का मानना है कि नकली पान मसाला और सिगरेट में इस्तेमाल रसायन सामान्य से कहीं अधिक खतरनाक हो सकते हैं। लंबे समय तक इनके सेवन से युवाओं और मजदूर वर्ग में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बावजूद इसके जागरूकता और कार्रवाई दोनों ही स्तर पर प्रशासन की निष्क्रियता सवाल खड़े कर रही है। हालांकि स्मोकिंग ओर तंबाखू किसी प्रकार का हो वो शरीर के लिए नुकसान दायक ओर हानिकर है परंतु सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक न होना ओर भी खतरनाक है। अब जरूरत है कि जिला प्रशासन तत्काल विशेष अभियान चलाकर डुप्लीकेट पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, नियमित जांच की जाए और जनता को भी असली-नकली की पहचान के प्रति जागरूक किया जाए। अन्यथा यह अवैध कारोबार जिले की सेहत और व्यवस्था दोनों को खोखला करता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बापू की भागवत कथा भाजपा कार्यकर्ता ने सुनी



**बेमेतरा।** जनसेवक एवं भाजपा कार्यकर्ता शिवम तिवारी रायपुर स्थित अवधपुरी मैदान में श्री चिन्मयानंद बापू से आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर शिवम तिवारी ने बापूजी को माता भद्रकाली का तैल्यचित्र भेंट कर बेमेतरा आगमन का आत्मीय न्योता दिया। श्री चिन्मयानंद बापू ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आगामी समय में बेमेतरा पधारकर कथा आयोजन के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष तिवारी, समाजसेवी राजेंद्र खुराना एवं गुलाब साहू भी उपस्थित रहे।

### सब्जी व्यापारी के बैग की चोरी, खेत की पर्ची बरामद

**नांदघाट।** तरपोंगी का सब्जी व्यवसायी आनंदराम नांदघाट साप्ताहिक बाजार में सब्जियों का व्यापार करता है।शुक्रवार को शाम को सात बजे वह बाजार समेट रहा था तब अज्ञात लोग उसके पास आए और चार किलो प्याज खरीदने और तौलने कहकर एडवांस पैसा दे ध्यान भटकाते हुए उसका बैग लेकर चंपत हो गए। बैग में बैंक से निकाले 40000 रु पहले के 10000 चिल्हर और बाजार की 25-30000 की बिक्री के साथ उसके खेत की पर्ची भी थी। आनंदराम ने इसकी सूचना थाने में भी दी। दूसरे दिन पथरिया से एक व्यक्ति ने पर्ची अपने पास होने और वापसी के एवज में 15000 की मांग की। आनंदराम ने पुलिस को फिर इसकी सूचना दी। पुलिस ने बताए गए स्थान में जाकर जांच की तो फोनकर्ताओं ने सरगांव के पास मिलना बताया। पुलिस की तत्परता से आनंदराम के हाथ फिलहाल खाली बैग और खेत की परची लग गयी है। बाकी बीच बाजार उठाईगिरी करने वालों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### बाइक चोरी करने वाले तीन धरे गए, भेजा जेल

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक व दो अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत उतई पुलिस ने ग्राम तिलदा रनचिरई निवासी रवि कुमार देशलहरे ने शिकायत किया था कि उसकी बाइक सिकोलाभाठा से तिलोदा अपने बाइक सीजी 07 बीडब्लू 7150 से जा रहा था। रात को उमरपोटी तालाब उतई के पास पहुंचा था। तभी टायलेट करने के लिए बाइक को तालाब किनारे खड़ा किया।

## अभियान

वॉकथॉन और जुंबा से आमजन को सड़क सुरक्षा का संदेश

# बेमेतरा में सड़क सुरक्षा माह 2026 पर भव्य जागरूकता कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ एसएसपी ने बताया- सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा यातायात कार्यालय परिसर में वॉकथॉन, एरोबिक्स एवं जुंबा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जागरूकता, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता का प्रभावी संगम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, यातायात प्रभारी व रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, खेल एवं युवा कल्याण सहायक अधिकारी उपेन्द्र सिंह, सउनि मोहन लाल साहू, कंवल सिंह नेताम, माधव सिंह साहू, प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, निधि दुबे सहित जिले के पुलिस स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एरोबिक्स एवं जुंबा के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने तथा मानसिक रूप से सजग रहने का संदेश दिया गया। जुंबा प्रशिक्षक निधि दुबे द्वारा पुलिसकर्मियों एवं स्कूली बच्चों को जुंबा के माध्यम से व्यायाम कराया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।

### वॉकथॉन रैली से दिया गया सड़क सुरक्षा का स्पष्ट संदेश

इसके पश्चात यातायात कार्यालय परिसर से वॉकथॉन रैली का शुभारंभ हुआ, जो भारत माता चौक, जय स्तंभ चौक, परशुराम चौक एवं सिग्नल चौक होते हुए पुनः यातायात कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। रैली के दौरान "कदम से कदम मिलाकर" चलते हुए प्रतिभागियों ने आमजन को सड़क सुरक्षा, संयमित गति और नियमों के पालन का संदेश दिया।

### निर्धारित गति सीमा का पालन करें

सुरक्षित यातायात-सुरक्षित भविष्य

बेमेतरा पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि ये छोटी-छोटी सावधानियां सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और आपकी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि आम नागरिकों को मानसिक व व्यवहारिक रूप से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की एक प्रभावी पहल है।

### एसएसपी का संदेश-सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी

इस अवसर पर एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वस्थ शरीर और सजग मस्तिष्क ही सुरक्षित ड्राइविंग की आधारशिला है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निरंतर जागरूकता अभियान एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। विगत वर्ष चलाए गए अभियानों के परिणामस्वरूप जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं घायलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

### बेमेतरा पुलिस की आम नागरिकों से अपील

- ट्रैक्टर, पिकअप एवं मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं।
- नशे की हालत में वाहन न चलाएं और न ही किसी नशे में व्यक्ति को वाहन चलाने दें।
- दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें।
- चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।
- तेज गति से वाहन न चलाएं एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।

# 17 जुआरी गिरफ्तार, 1.26 लाख नकद समेत करीब 5.91 लाख की संपत्ति जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ साइबर सेल व थाना परपोड़ी की कार्रवाई

साइबर सेल एवं थाना परपोड़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 जुआड़ियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 26 हजार रुपये नकद, 52 पत्ती ताश, 16 स्मार्ट मोबाइल एवं 8 मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 90 हजार 900 रुपये बताई जा रही है। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना प्रभारी परपोड़ी उप निरीक्षक अलील चंद के नेतृत्व में यह कार्रवाई 10 जनवरी को की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नहर नाली खार धरसा रोड, ग्राम बेंदरचुआ में कुछ लोग रुपये-पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। रेड कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपी पुलिस को देखकर फरार हो गए, जबकि 17 जुआड़ियों को मौके से पकड़ लिया गया।

पुलिस ने जुआ फड़ से एवं आरोपियों के पास से 1,26,000 रुपये नकद, 52 पत्ती ताश, विभिन्न कंपनियों के 16 स्मार्ट मोबाइल कीमत लगभग 64 हजार रुपये तथा 8 मोटरसाइकिल कीमत लगभग 4 लाख रुपये बरामद की गई। थाना परपोड़ी में इस संबंध में एक प्रकरण दर्ज कर सभी 17 आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में मन्नु वर्मा, देवराम वर्मा, रामरतन वर्मा, रोमकृष्ण तिवारी, रोहित वर्मा, चन्द्रेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, रूपेन्द्र साहू, कौशल वर्मा, लच्छू वर्मा, देवेन्द्र निर्मलकर, कलाराम साहू, हेमकुमार ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नन्हे सितारों ने मंच पर दिखाई प्रतिभा, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ उदय एकेडमी स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित





नगर स्थित उदय एकेडमी स्कूल में सत्र 2026 का वार्षिक समारोह उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा मनमोहक प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति, धार्मिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा तथा विशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी नितेश सोनी उपस्थित रहे। राहुल टिकरिहा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति के समन्वय का सुंदर संदेश दिया। मंच से बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह साफ झलक रहा था।

▶▶| शेष पेज 11 पर

# श्मशान घाट में संदिग्ध गतिविधि से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शहर के श्मशान घाट (मुक्तिधाम) में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवती की जली हुई चिता के पास संदिग्ध सामग्री और अजीब आकृतियां मिलने से पूरे इलाके में दहशत और चर्चाओं का माहौल बन गया। मामला दो दिन पहले हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे से जुड़ा है, जिसमें बस स्टैंड के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई थी।

इस हादसे में नगर की एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतका का अंतिम संस्कार परिजनों द्वारा शहर के मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान से किया गया था। लेकिन दूसरे दिन जब परिजन परंपरा के अनुसार चिता के अवशेष और राख एकत्र करने पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर वे स्तब्ध रह गए। परिजनों का कहना है कि जली हुई चिता के पास नींबू, बंदन, मिट्टी का छोटा घड़ा सहित अन्य संदिग्ध सामान रखा हुआ था, वहीं जमीन पर कुछ अजीब आकृतियां भी खींची हुई मिलीं। इस दृश्य को देखकर परिजन घबरा गए और देखते ही देखते यह खबर पूरे शहर में फैल गई। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और इस घटना को तंत्र-मंत्र अथवा किसी अंधविश्वासी क्रिया से जोड़कर देखा जाने लगा। मुक्तिधाम जैसे पवित्र स्थल पर इस तरह की गतिविधि से आमजन में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिला।

### मामले की विवेचना है जारी

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वहां रखी गई सामग्री किसने और किस उद्देश्य से रखी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते वर्ष भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी, जब देर रात कुछ लोग जली हुई चिता के पास बैठकर संदिग्ध क्रियाएं करते पाए गए थे। उस समय मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद ▶▶| शेष पेज 11 पर

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

# छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका फुटबॉल टीम ने राष्ट्रीय मंच पर जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला





उदयपुर (राजस्थान) में भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के तत्वावधान में 7 से 9 जनवरी तक आयोजित 25वीं राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हसदा (बेमेतरा) की 9 बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग 250 से 300 खिलाड़ी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की टीम ने रोमांचक मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। संघ के प्रमुख सचिव लोकेश्वर राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र को 2-1, दूसरे मैच में उत्तराखंड को 4-3 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में टीम को राजस्थान से 4-3 से कड़े संघर्ष में हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक जीता।विद्यालय के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने कहा कि फुटबॉल केवल शारीरिक शक्ति और गति का खेल नहीं है, बल्कि यह टीमवर्क, अनुशासन, रणनीति और आत्मविश्वास का विकास करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को इस खेल के माध्यम से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है, जिससे नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में सहायता मिल रही है।

**छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका फुटबॉल टीम:** डिंपल निषाद (कप्तान), स्वर्णा टिकरिहा, करूणा पाल, लिखिता ठाकुर, भूमिका साहू, ठाणेश्वरी, चेतावली निषाद, लावण्या ध्रुव, नैना सिन्हा, तनिष्का सिंह ,कोचः होमेश्वरी निर्मलकर,मैनेजरः अवध पटेल उल्लेखनीय है कि इन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता, जो भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, रायपुर में आयोजित की गई थी, के आधार पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में 10 जिलों की टीमों ने भाग लिया था, जिसमें बेमेतरा जिला प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं मुंगेली तृतीय स्थान पर रहा।

### भव्य स्वागत व शुभकामनाएं

राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर लौटने पर रायपुर रेलवे स्टेशन में खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य जे.पी. सिंह, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, शाला विकास समिति अध्यक्ष संध्या परगनिहा, जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा, बलिराम धीवर, रामेश्वरी साहू, सह सचिव नितिन राव, आकाश वर्मा, देविका वर्मा, आंचल बंछोर, मानचंद, साधराम सहित संघ के सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने दी।

# एक सप्ताह बाद फिर बदला मौसम आसमान में छाई रहीं काली घटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

■ ठंड में उतार-चढ़ाव से लोग परेशान



अंचल में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। आसमान में काली घटाओं के छा जाने से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे ठंड का असर अस्थिर हो गया है। बदलते मौसम ने आमजन को असमंजस में डाल दिया है।

उल्लेखनीय है कि शीत ऋतु के जनवरी माह में पिछले सप्ताह शुक्रवार एवं शनिवार को दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहे थे, जिससे ठंड में कमी दर्ज की गई थी। इसके बाद मौसम साफ होते ही लगभग एक सप्ताह तक कड़ाके की ठंड पड़ी, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। ठंड के बढ़ते असर के चलते लोगों को अलाव जलाने और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। क्षेत्र में लोग पूरे दिन गर्म वस्त्रों में लिपटे नजर आए। इसी बीच शनिवार को एक बार फिर आसमान में काली घटाएं छा गईं, जिससे तापमान में पुनः बदलाव शुरू हो गया है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बनती जा रही है।

### नहीं चल रहा जागरुकता अभियान

हालांकि, इस कड़ाके की ठंड और बदलते मौसम के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी प्रकार का जागरुकता अभियान या एहतियाती पहल अब तक नजर नहीं आ रही है। जिससे लोगों में असंतोष भी देखा जा रहा है।

**कार्यवाही:** 25 लाख से अधिक की जप्ती के साथ दो तस्कर गिरफ्त में, एमपी ले जाया जा रहा था गांजा

# बोलेरो वाहन में बनाए गए सीक्रेट चैंबर से 26.860 किलोग्राम गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना बोड़ला पुलिस एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम की संयुक्त टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर रविवार को घेराबंदी कर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ओडिशा राज्य से गांजा की खेप लेकर मध्य प्रदेश के रीवा जिले की ओर ले जा रहे थे। तस्करी के उद्देश्य से महिंद्रा बोलेरो वाहन में विशेष रूप से सीक्रेट चैंबर तैयार कराया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी संगठित एवं पेशेवर तरीके से अवैध नशे का कारोबार कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा बोलेरो वाहन महिंद्रा बोलेरो व्हाइट रंग क्रमांक एमपी 17 जेडजे 6484 को रोककर गहन तलाशी ली गई, जिसमें सीक्रेट चैंबर से कुल 26.860 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके पर ही गांजा एवं वाहन को विधिवत जप्त कर आरोपी लाला चर्मकार पिता कामता प्रसाद चर्मकार, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम जवा, थाना जवा, जिला रीवा, मध्य प्रदेश तथा राधिका मल्ला पिता रामचंद्र मल्ला, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम जवा, थाना जवा, जिला रीवा, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा आगे भी नशे के विरुद्ध अभियान को और अधिक सख्ती एवं व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा। आमजन से अपील है कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज को सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके।



**आरोपियों से जप्त किया गया गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन**

बोड़ला पुलिस ने गांजा की तस्करी करने वाले इन आरोपियों के पास से गांजा की कुल मात्रा 26.860 किलो ग्राम अनुमानित कीमत 13,34,000 रुपए के अलावा गांजा तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो वाहन की अनुमानित कीमत 12,00,000 रुपए कुल जप्त संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 25,34,000 रूपए की सामग्री जप्त की है।

### तस्करों से मिल सकती हैं कई आवश्यक जानकारियां

पुलिस की माने तो आरोपियों से पूछताछ के दौरान गांजा तस्करी के पूरे नेटवर्क, स्रोत, सप्लाई चेन एवं इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होने की संभावना है, जिस पर आगे और भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कबीरधाम के प्रभारी उमाशंकर राठौर, साइबर थाना प्रभारी महेश प्रधान तथा थाना बोड़ला प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका और सराहनीय समन्वय रहा। साइबर थाना की तकनीकी सहायता एवं सूचनात्मक विश्लेषण के कारण तस्करों की गतिविधियों पर सटीक निगरानी संभव हो सकी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन 12 जनवरी को जिला मुख्यालय कवर्धा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय आत्मानंद स्कूल, दुर्गावती चौक कवर्धा में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिले के सभी स्कूलों/कॉलेजों के विद्यार्थी एवं इच्छुक खिलाड़ी, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच है, प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली काव्यपाठ, भाषण तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होना अनिवार्य है। काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा तथा काव्य पाठ का विषय उठो जागो-स्वामी विवेकानंद का अमर संदेश निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक कविता प्रस्तुत कर सकेगा। कविता हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तुत की जाने वाली कविता हिंसक, आपत्तिजनक या भेदभावपूर्ण नहीं होनी चाहिए। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उच्चारण, भाव-भंगिमा, प्रस्तुति कौशल, शुद्धता तथा विषय की प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। भाषण हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा तथा



अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा। भाषण का विषय स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक रहेगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन भाषण की स्पष्टता, विषय की प्रासंगिकता, प्रवाह, अभिव्यक्ति, शब्दों की पुनरावृत्ति से बचाव, विषय के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास के आधार पर किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है। रंगोली हेतु अधिकतम 45 मिनट का समय दिया जाएगा तथा विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद रहेगा। रंगोली निर्माण में केवल सूखे एवं प्राकृतिक रंगों सामग्री का उपयोग किया जाएगा, केमिकल रंगों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिभागियों को स्वयं ही रंगोली तैयार करनी होगी तथा किसी भी प्रकार की बाहरी सहायता मान्य नहीं होगी। रंगोली का मूल्यांकन रचनात्मकता, रंग संयोजन एवं स्वच्छता के आधार पर किया जाएगा। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**खबर संक्षेप**

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

**बोड़ला।** जिले के बोड़ला विकासखंड अतर्गत ग्राम कुसुमघटा में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। भगवानी पिता रामलाल साहू आयु ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करने गया हुआ था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि चालक भगवानी साहू ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन चिकित्सों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तालाब में डूबने से एमपी के मजदूर की दर्दनाक मौत



- रविवार की छुट्टी बन गई काल, परिजनों में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउरगांव कला और तरेगांव मैदान के बीच स्थित बोड़ला मुख्य मार्ग के तालाब में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। तालाब में नहाने गए एक श्रमिक की पानी में डूबने से मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक की पहचान माहू बैगा पिता फगनू के रूप में की गई है, जो मध्यप्रदेश के मंडला जिले के मोतीनाला विकासखंड अंतर्गत ग्राम लोटरा का निवासी था। माहू बैगा पिछले करीब एक महिने से बोड़ला क्षेत्र में स्थित एक गुड़ उद्योग में मजदूरी कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को गुड़ उद्योग में अवकाश होने के कारण माहू दोपहर करीब 2 बजे तालाब में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों और साथ काम करने वाले मजदूरों के अनुसार, वह नशे की हालत में था।

नहाते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी लक्ष्मी और उनके दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के एकमात्र कमाने वाले की मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है।

वहीं गुड़ उद्योग में काम करने वाले अन्य श्रमिकों में भी गहरा शोक व्याप्त है। घटना के बाद नेउरगांव कला और तरेगांव मैदान के ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। हर आंख नम और माहौल गमगीन नजर आया।

बहरहाल घटना की सूचना बोड़ला पुलिस को दे दी गई और सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मृतक का शव तलाश रही है लेकिन अभी तक पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है।

### पुलिस कर रही है शव की तलाश

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव तालाब से बाहर नहीं निकाला जा सका था। पुलिस टीम मौके पर पहुंच चुकी है और गोताखोरों की मदद से शव की तलाश की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि शव बरामद होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर असुरक्षित तालाबों और नशे की लत से जुड़ी गंभीर समस्या की ओर इशारा करता है, जिसने एक गरीब मजदूर परिवार की खुशियां छीन लीं।

## महिला थाना पुलिस ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला थाना कवर्धा द्वारा गत दिनो आदिवासी कन्या आश्रम भोरमदेव थाना क्षेत्र के भोरमदेव में महिला सुरक्षा पर जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के निर्देशानुसार आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को सुरक्षा के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई।

बाल विवाह, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी व ऑनलाइन ठगी होने पर 1930 के बारे में बताया गया। पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं गुड टच बैड टच, अभिव्यक्ति एप, पीड़ित क्षतिपूर्ति, टोनही प्रताड़ना, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को महिलाओं के ऊपर हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दी गई, बच्चों को पुलिस आपका मित्र है, पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है बताया गया।

इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं सहित ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था पुलिस प्रशासन से कई आवश्यक जानकारियां प्राप्त की। ग्रामीणों ने महिला पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी पुलिस के प्रति ग्रामीणों की झिझक को दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा से निरीक्षक भुवनेश्वरी राठौर, सहायक उप निरीक्षक विजया कैवत, उप निरीक्षक देमन टेकाम, प्रधान आरक्षक फलेंद्र देशमुख, आर चंद्रशेखर चंद्राकर, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, थाना भोरमदेव स्टाफ व छात्रावास अधीक्षक माया दरों, सुरक्षा गार्ड मुनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## 3.38 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में विकास को मिली नई रफ्तार



- कवर्धा विधानसभा में बुनियादी ढांचे को मिल रही मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण अंचलों को मजबूत एवं टिकाऊ सड़क नेटवर्क की सौगात मिल रही है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन दोनों कार्यों पर कुल 3 करोड़ 38 लाख 65 हजार रुपए की लागत आएगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम लखनपुर से कान्हाभैरा तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत 2 करोड़ 97 लाख रुपए है। वहीं ग्राम रबेली में ग्राम गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य की लागत 41 लाख 65 हजार रुपए है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं सर्व मौसम में आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि परिवहन एवं स्थानीय व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोतीराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, प्रकाश चंद्रवंशी, खेमराज साहू, राम सिंह ठाकुर, दिनेश जायसवाल, प्रताप चंद्रवंशी, जनपद सदस्य श्रीमती शैली सुरेंद्र चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, द्वारिका चंद्रवंशी सरपंच लखनपुर, कोमल चंद्रवंशी सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, लखनपुर, डॉ. पूनाराम सिहवारे, श्रीमती जमुना गणेश चंद्रवंशी सरपंच कान्हाभैरा, श्रीमती नेहा दिनेश झारिया सरपंच रबेली, मुनि राम चंद्रवंशी, राजेश साहू, दिलीप चंद्रवंशी, शिवकुमार साहू, भरत चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास की रीढ़ बनेंगी सड़कें

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा में अभूतपूर्व एवं चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसे मूलभूत विषयों पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत ये सड़कें ग्रामीण विकास की रीढ़ सिद्ध होंगी और आने वाले समय में क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे रोजगार, व्यापार और सामाजिक विकास के नए अवसर भी सृजित करती हैं। कवर्धा विधानसभा में जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क समस्या का अब स्थायी समाधान हो रहा है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इन सड़कों के निर्माण से गांवों का विकास तेज होगा और आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा।

## जन चौपाल में मजदूरों के अधिकारों की उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम महराटोला में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत एक चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों, किसानों और मजदूरों की आजीविका की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार के दौरान इस योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा से गांवों में रोजगार के साथ विकास भी हुआ है, लेकिन आज मजदूर दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में भगवान सिंह पटेल, नेतराम जंघेल सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और मनरेगा से जुड़े उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के रोजी रोजगार से जुड़ी मनरेगा को बंद करने का मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाया।

**जागरूकता कार्यक्रम...**




**कवर्धा।** जिला महिला पुलिस ने भोरमदेव में आयोजित किया महिला जागरूकता कार्यक्रम।

**चना सहित दूसरी फसलों को कर रहे हैं बर्बाद, ग्रामीण लाचार और मजबूर**

## बंदरों के आतंक से परेशान ग्रामीण किसानों ने वन विभाग से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के ग्रामीण अंचलों के किसान बंदरों के आतंक से भारी परेशान और हलाकान नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या से छुटकारा पाने न तो किसान स्वयं कुछ कर पा रहे हैं और न ही शिकवा शिकायत के बावजूद संबंधित वन विभाग ही इन किसानो की फरियाद सुन रहा है। उल्लेखनीय है कि रबि फसल चना किसानो के लिए नगदी और कीमती फसल मानी जाती है लेकिन बंदरों के चलते फसल नहीं बच पा रही है। किसानो की माने तो इस समय चना की फसल में फल-फूल लग चुके हैं और उनमें दाने भी आ चुके हैं और इस बात की जानकारी जंगली बंदरों को भी हो चुकी है जिसे भांपते हुए अब जंगली बंदरों की अलग-अलग दर्जनों टोलियों ने चना के खेतों के आसपास डेरा डाल दिया है। स्थिति ये है कि बंदरों को जरा सा मौका मिला नहीं की वे झुंड के झुंड चना के खेतों में टूट पड़ते हैं और कुछ ही देर में फसल को भारी नुकसान पहुंचाकर चट कर जाते हैं। किसानो ने बताया कि बंदरों का आतंक इस हद तक बढ़ चुका है कि उनके लिए अब चना की फसल को बचा पाना मुस्किल हो रहा है। बावजूद इसके वे न तो बंदरों को मार सकते हैं और न इसकी शिकायत वन विभाग में करने पर कोई कार्यवाही हो रही है। ऐसे में किसानो को समझ में नहीं आ रहा है कि वे करें तो क्या करें। ग्रामीण किसानो ने बताया कि बंदरों से अपनी चना सहित दूसरी फसलों को बचाने के लिए कई गांवों के किसानो ने दिहाड़ी पर रखवार भी रखा है जो उनके खेतों की रखवाली करते है। लेकिन यह भी कोई कारगर समाधान नहीं है क्योंकि ग्रामीण अंचलों में बंदरों की संख्या इतनी अधिक बढ़ चुकी है कि उन पर नजर रख पाना बेहद मुस्किल है, वे खेत के किसी भी कोने में दबे पांव पहुंचकर फसल चट कर जाते हैं। जानकारी होने पर रखवार भी इन बंदरों को सिर्फ भगा सकता है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग तथा प्रशासन से इस गंभीर समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### नवीन पाठ्यक्रम में किए बदलावों पर दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत एफएलएन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वाचनालय कवर्धा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण नवीन पाठ्यक्रम में किए गए बदलावों पर आधारित था और मुख्यतः हिंदी, गणित, पर्यावरण और योग शिक्षा विषयों पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक और ध्यानपूर्वक सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहभागियों को नवीन शिक्षण पद्धतियां, बाल केंद्रित एवं गतिविधि आधारित शिक्षण और प्रभावी मूल्यांकन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण का समापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन आरती ठाकुर कोर ग्रुप की सदस्य की निगरानी में किया गया।

### नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा भवन के अभाव से जूझ रहे छात्र छात्राएं

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय आज भी अपने स्वयं के भवन के अभाव में संचालित हो रहा है। भवन निर्माण नहीं होने के कारण महाविद्यालय की कक्षाएं वर्तमान में हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा के भवन में लगाई जा रही हैं, जहां एक ही परिसर में दो पालियों में पढ़ाई कराई जा रही है। इससे महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को वे मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जो एक कॉलेज स्तर के संस्थान में आवश्यक होती हैं। बताया जाता है कि नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में कोलेगांव, बसनी, भगतपुर, धनेली, कुण्डा, घोरपेंड्री, लोखान, वोडाडबरी, अखरा, खमरिया, रापा, जंगलपुर, हथमुंड़ी, माकरी सहित आसपास क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन महाविद्यालय की स्थापना से पूर्व इन विद्यार्थियों को पंडरिया, कबीरधाम या मुंगेली जैसे दूरस्थ स्थानों पर उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कुण्डा में नवीन शासकीय महाविद्यालय की घोषणा की गई थी, जिसके बाद से यहां कॉलेज का संचालन प्रारंभ हुआ। लेकिन वर्षो से अब तक महाविद्यालय का स्थायी भवन निर्मित नहीं हो पाया है।

**समारोह :** राजकीय गीत के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

# समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में समाधान उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में समाधान उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। उसके पश्चात छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन सभी ने मिलकर किया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी, डॉ. अवधेश पटेल, डॉ अलका तिवारी एवं समिति की अध्यक्ष सीता वर्मा व भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल द्वारा रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर रही। उन्होंने बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि वर्तमान सीईओ के दायित्व संभालने से पूर्व उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक शिक्षक के रूप में कार्य करने का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवधि में विद्यार्थियों के व्यवहार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को गहराई से समझने का अवसर मिला। बेमेतरा जिले का




समाधान महाविद्यालय एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में कार्यरत है, जहां बीएड सहित अन्य पाठ्यक्रमों का सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन हो रहे है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी गैंदराम चतुर्वेदी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन, शिक्षा, व्यवस्था व प्रबंधन की सराहना की। विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करने और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व को साझा किया। सहायक प्राध्यापिका ने नंदनी वर्मा ने चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग का परिचय दिया। सामाजिक शिक्षा से संबंधित वत्सला फाउंडेशन का परिचय इसके मुख्य कार्यकारिणी सदस्य विजया लाखोटिया द्वारा दिया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे-गणेश वंदना, मानव मनौती पारम्परिक नृत्य, रणछोड़ रंगीला नृत्य पंथ, नृत्य आरंभ है प्रचण्ड नृत्य, गीत झन भुलव माँ बाप ला, माँ भवानी नृत्य, शुभ-स्वागतम नृत्य, तै मोर संवारी, महिषासुर मर्दनी ऐ गिरी नन्दनी, तेरी मिट्टी में मिल जावा नृत्य, राजस्थानी नृत्य (समूह नृत्य), शिक्षाप्रद एक्ट, मैं ना मांगू हीरा मोती, सेवा जोहार, बुम्मरो नृत्य, महाभारत कथक ,संदेश आते है (समूह नृत्य), दुर्गा बंगाली, रंगीलो मारो ढोलना नृत्य, ऑपरेशन सिन्दूर नृत्य, शिव तांडव व राम सिया राम एवं सुआ नृत्य प्रस्तुति दी।

### विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा एवं एनसीवीटी द्वारा आयोजित आईटीआई की परीक्षा एवं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमाण पत्र मेडल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। अनुशासन व अच्छा व्यवहार करने वाले विद्यार्थी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक हरीश कुमार पटेल, छात्राध्यापिका प्रीति लहरें, छात्राध्यापक आशीष साहू व निखिल डौण्डे एवं छात्र महेंद्र साहू द्वारा किया गया। अंत में महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# डोंगी तराई में नवधा रामायण का समापन

**साजा।** ग्राम डोंगी तराई में चार दिवसीय नवधा रामायण का समापन आज हुआ। शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय आयोजन में 22 मंडलियों ने राम कथा का सुन्दर वर्णन किया। कार्यक्रम के आयोजन में सुरेश वर्मा महेन्द्र वर्मा सरपंच हृदय साहू भोजराम साहू राजेश उत्तम साहू बृजेश साहू सृजन सिंह अभय सिंह संतोष साहू सनत वर्मा हरिशंकर देवांगन लोकेश वर्मा द्वारिका यादव का योगदान प्रमुख रहा। गांव की शीतला मानस मंडली व जागृत मानस मंडली ने भी नवधा में अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन में आने वाली मंडलियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्ति शिक्षक तुलाराम साहू ने किया।



# यज्ञ से गांव में सुख-शांति व समृद्धि का वातावरण बनता है पं मेघानंद शास्त्री

- श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ व श्रीराम कथा में उमड़ी रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जिस पर यज्ञाचार्य पंडित मेघानंद शास्त्री ने कहा कि यज्ञ एक श्रेष्ठ कर्म है, जिससे गांव में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ साधकों को आत्मा की उन्नति एवं ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन करता है। इसका उद्देश्य फल की आकांक्षा नहीं, बल्कि ईश्वर भक्ति, आत्मशुद्धि और सामाजिक कल्याण होता है।



उन्होंने बताया कि वेदों में लगभग 400 प्रकार के यज्ञ-अनुष्ठानों का वर्णन मिलता है, जिनमें से 21 को नित्यकर्म के रूप में अनिवार्य माना गया है, जबकि शेष काम्य कर्म इच्छाओं की पूर्ति हेतु किए जाते हैं। यज्ञ का तात्पर्य त्याग, बलिदान और शुभ कर्म से है।

यज्ञ में आहुति के रूप में डाले गए सुगंधित एवं पौष्टिक द्रव्य अग्नि और वायु के माध्यम से वातावरण में प्रसारित होकर वायु शोधन करते हैं, जिससे स्वास्थ्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। यज्ञ के दौरान उच्चारित वेद मंत्रों की ध्वनि वातावरण को सात्विक एवं पवित्र बनाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यज्ञ से वातावरण में फैले रोगाणुओं का नाश होता है। पं मेघानंद शास्त्री ने बताया कि धर्मशास्त्रों के अनुसार यज्ञ की रचना सर्वप्रथम परमपिता ब्रह्मा ने की थी। अग्नि को ईश्वर का मुख माना गया है, जिसमें दी जाने वाली आहुतियों को ब्रह्मभोज कहा गया है। यज्ञ को अग्नि पूजा भी कहा जाता है, जिससे देवताओं की प्रसन्नता प्राप्त होती है।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्मी-नारायण स्वरूप भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का प्रतीक है। यह यज्ञ भौतिक सुख-संपदा, समृद्धि और आर्थिक स्थिरता प्रदान करने वाला माना जाता है। इस यज्ञ के माध्यम से वित्तीय कठिनाइयों, ऋण एवं पारिवारिक समस्याओं से मुक्ति की कामना की जाती है। महायज्ञ एवं श्री राम कथा के आयोजन से ग्राम मोहतरा कला सहित आसपास के गांवों में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

# मनरेगा से महात्मा गांधी के नाम को हटाये जाने पर गांधी वादी तरीके से किया प्रदर्शन

- केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने उपवास कर किया प्रतीकात्मक विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में कांग्रेसजनों ने एक दिवसीय उपवास रखकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर नवीन जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसे लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और जटिल नियम थोपकर योजना को निष्प्रभावी बनाया जा रहा है। युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार उद्योग पतियों के इशारे से काम कर रही है, इससे पंचायत का



अधिकार व मजदूरों के अधिकार को खत्म किया जा रहा है। महात्मा गांधी का ग्राम सुराज का सपना खत्म किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी भी गरीबों के अधिकारों के साथ समझौता नहीं करेगी। मनरेगा को कमजोर करने का हर प्रयास कांग्रेस को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर करेगा और यह आंदोलन आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने शांतिपूर्ण ढंग से उपवास रखकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध प्रकट किया तथा केंद्र सरकार से मनरेगा को पूर्ण रूप से लागू करने, लंबित मजदूरी का शीघ्र भुगतान करने और योजना का बजट बढ़ाने की मांग की। इस कार्यक्रम में महेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र जांगड़े, गोपाल चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा चंद्रकार, टेकसिंह चंद्रवंशी, मणिकांत त्रिपाठी, सतीस गहरवार, गुरुदत्त शर्मा, दिनेश कोसरिया, शिवप्रसाद वर्मा, सतेंद्र वर्मा, नारायणी टोन्ड, वाल्मीकि वर्मा, संतोष यादव, भीखम कोसले, बिन्नी तिवारी, रानू दुबे, आकाश केशरवानी, नेतराम जंघेल, सुनील ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश संवरा, सुजीत कुंभकार, आशीष दास गुप्ता, दुर्पत सिंह, हीरा यादव, अमन वर्मा, वैभव ठाकुर, मेहुल सत्यवंशी, सुजल व आशु सहित शहर कांग्रेस, ग्रामीण कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### दिनेश मिश्रा छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य नियुक्त

**हरिभूमि कुण्डा।** प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व मण्डल अध्यक्ष कुण्डा दिनेश मिश्रा को पुनः प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है।



वहीं समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिनेश मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ कर्मठ और निष्ठावान जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है, श्री मिश्रा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप कार्य कर चुके है, वे वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा के शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष है। संगठनात्मक कार्यो में उनकी सक्रिय भूमिका और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। पुनः कार्यसमिति में जगह मिलने पर दिनेश मिश्रा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं पंडरिया विधायक भावना के प्रति आभार व्यक्त किया, उन्होने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के समृद्ध अनुभव दूरदर्शिता और स्नेहपूर्ण मार्ग दर्शन पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदेश के किसानों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस नियुक्ति से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं दिनेश मिश्रा के पुनः कार्यसमिति सदस्य की नियुक्ति पर भाजपा मण्डल कुण्डा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं जिला मंत्री ओम यदु, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, हरेकृष्णा शुक्ला, महेंद्र धृतलहरे, कृष्णा चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, अमन खनूजा सहित मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

### महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर बनीं मजगांव की श्रीमती सविता कार्लिक

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में चलाई जा रही महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की महिलाओं के लिए आर्थिक सहारा और आत्मसम्मान का आधार बन गई है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में दी जा रही है। इससे महिलाएँ अपने छोटे-बड़े खर्च खुद संभाल पा रही हैं और परिवार के फैसलों में उनकी भागीदारी भी बढ़ी है। योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कबीरधाम जिले के ग्राम मजगांव की निवासी श्रीमती सविता कार्लिक ने बताया कि उन्हें अब तक 23 किस्तों में कुल 23 हजार रुपये मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि उनके लिए सिर्फ पैसों की मदद नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और हिम्मत का स्रोत है।

# इन्दौरी जोन में एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) कार्यक्रम के अंतर्गत इन्दौरी जोन में नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 71 प्रशिक्षार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों में पठन, लेखन एवं बुनियादी गणितीय दक्षताओं को प्रभावी रूप से विकसित करना रहा। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियां, गतिविधि आधारित अधिगम, सीखने के आकलन के नवाचार, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) का प्रभावी उपयोग तथा समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा डिकोडिंग, साझा पठन, मार्गदर्शित पठन, संख्या-बोध, एक-एक की संगतता जैसे विषयों पर व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसे कक्षा-कक्ष में सीधे लागू करने योग्य बताया। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बीआरजी (बीआरजी) के रूप में वोकेश नाथ योगी एवं प्रेमिस शर्मा को सौंपी गई। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण कौशल एवं अनुभव के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक, प्रभावी एवं ऊर्जावान बनाया। आमतौर पर शिक्षक प्रशिक्षण को बोझिल माना जाता है, किंतु इन दोनों प्रशिक्षकों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण रहा। प्रशिक्षण की तैयारियों में खंड स्रोत समन्वयक केशलाल साहू ने संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ समय-समय पर प्रशिक्षण का सुपरवीजन भी किया। वहीं डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप (डीआरजी) से वीरेंद्र चंद्रवंशी ने एक नई पहल करते हुए प्रशिक्षण में विशेष उत्साह भरने के उद्देश्य से सुश्री मीना ठाकुर को प्रशिक्षु के रूप में शामिल किया। जन्मजात दिव्यांग होने के बावजूद मीना ठाकुर ने पूरे दिन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि सीखने की ललक हो तो दिव्यांगता कभी अभिशाप नहीं बनती। उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रेरणादायी सहभागिता से प्रभावित होकर वीरेंद्र चंद्रवंशी द्वारा सुश्री मीना ठाकुर को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहली बार हुआ जब किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसी प्रशिक्षु को सम्मानित किया गया। इस सराहनीय पहल के लिए वोकेश नाथ योगी एवं प्रेमिस शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया।



**कवर्धा प्राइवेट स्कूल संघ के तत्वाधान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन**

# विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कवर्धा प्राइवेट स्कूल संघ के तत्वाधान में इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 व 11 जनवरी को सफलता पूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के कुल आठ विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली शामिल थें, इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका कवर्धा, पवन जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका, रिया तिवारी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन स्वर्ण पदक विजेता, पार्षद दीपक सिन्हा, बिहारी लाल धुर्वे, योगेश चंद्रवंशी, डोनेश ठाकुर, छत्तीसगढ़ प्रांत उपाध्यक्ष पवन देवांगन, जिला अध्यक्ष डॉ अश्वनी श्रीवास, जिला सीबीएसई स्कूल अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, कवर्धा शहर अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जिला सचिव लक्ष्मण चंद्रवंशी, जिला संरक्षक सपन चोपड़ा, जिला सहसचिव लोमश चंद्रवंशी सहित संघ के सदस्य प्रिंस बोथरा, रामशरण चंद्रवंशी एवं कुंज बिहारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर



सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कवर्धा शहर में पहली बार प्राइवेट स्कूल संघ द्वारा आयोजित इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए संघ को बधाई दी।

संघ के जिलाध्यक्ष डॉ अश्वनी श्रीवास ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के पहले दिन चार लीग मैच खेले गए, जिसमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं ग्रैंड फाइनल मुकाबला गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। फाइनल में आरपीएस की टीम 8 ओवर में 83 रन ही बना सकी। गुरुकुल पब्लिक स्कूल की ओर से प्रथम चंद्रवंशी, आदित्य चंद्रवंशी एवं विवेक नेताम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने खिताब अपने नाम किया।

जिस पर प्रथम स्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान अशोका पब्लिक स्कूल रहा। साथ ही चारों मुकाबलों में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रमशः आरपीएस से शिवा, अशोका स्कूल से अद्वित चंद्रवंशी, गुरुकुल से प्रथम चंद्रवंशी एवं विवेक नेताम को प्रदान किया गया। वहीं प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र वासुदेव वैष्णव को दिया गया, जिन्होंने टूर्नामेंट में लगातार तीन अर्धशतक लगाए। टूर्नामेंट के सफल संचालन में निर्णायक के रूप में मो. तस्लीम आरिफ, दीपक चंद्रवंशी, उमाशंकर साहू, अनिल चंद्रवंशी, अमित, बिपिन तिवारी, प्रदीप, रविंद्र साहू एवं राजा जोशी का विशेष योगदान रहा।

## पेज 9 के शेष

### 17 जुआरी गिरफ्तार, ...

सतनामी, तीरथ लोधी, रंजीत साहू एवं तेजराम जंघेल शामिल हैं, जो दुर्ग, केसीजी एवं बेमेतरा जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

**टीम की रही सराहनीय भूमिकाः** संपूर्ण कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना परपोडी पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई में साइबर सेल प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, रेखन साहू, संतोष धीवर, मुकेश माहिरे तथा थाना परपोडी से प्रधान आरक्षक येमन बघेल, भागवत सिंह, आरक्षक पीयूष सिंह, शिवकुमार यादव, प्रमोद पांडेय, रमेश चंद्रवंशी सहित अन्य पुलिसकर्मियों का योगदान रहा।

### नन्हे सितारों ने मंच पर ...

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रीतम चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरा, आशीष सोनी, हितेश निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### मामले की विवेचना ...

कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है। वहीं इस घटना ने एक बार फिर शहर में अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र जैसी गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

**खबर संक्षेप**

## सड़क पर कार के बोनेट में केक रख कटार से काटा, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क के बीचो-बीच कार के बोनेट में आधा दर्जन केक रख कर काटने वाले नाबालिग का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सड़क के बीच में कार के बोनेट पर आधा दर्जन केक रखकर कटार से केक काटकर जन्म दिन मनाने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो गया। घटना वैकुंठधाम कैम्प 2 का है। वायरल वीडियो में युवक हाथों में धारदार हथियार (कटार) रखे दिखाई दे रहे है। युवक सड़क पर केक काटते और हाथों में पटाखे लेकर आतिशबाजी भी करते दिख रहें है। एएसआई विनय रजक के मुताबिक यह वीडियो 9 जनवरी को पुलिस के संज्ञान में आया। वीडियो 8 जनवरी 2026 की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच का है। वीडियो में कैम्प-02 क्षेत्र में बैकुण्ठ धाम तालाब के पास सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाया गया। हथियारों का प्रदर्शन और पटाखों की आतिशबाजी की गई। वीडियो सामने आने के बाद छावनी पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई कर पताशाजी की जा रही है।

## आयोजन : एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में नवम दीक्षांत एवं फेयरवेल समारोह संपन्न

# शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राज्य की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में कक्षा बारहवीं सत्र 2025–26 के विद्यार्थियों के लिए नवम् दीक्षांत एवं फेयरवेल समारोह भव्य, गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत, अनुशासन और उपलब्धियों का उत्सव बना, जिसमें शिक्षा के साथ संस्कारों की सशक्त झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (आईपीएस) रहे। विशिष्ट उपस्थिति में मुख्य कार्यकारी प्रबंधन अधिकारी श्री विनीत राजोरिया, प्राचार्य श्री गिरीश कुमार, उपप्राचार्य डॉ. शिव कुमार तिवारी, सहायक उप-प्राचार्य श्रीमती गायत्री कसेरा, एसीओ श्रीमती नीता राइचा, हैडमिस्ट्रेस श्रीमती स्मृति शाही सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

■ संस्कार, शिक्षा और सफलता की त्रिवेणी में डूबा भावनात्मक व गरिमामय आयोजन

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।





विद्यार्थियों की दीक्षांत वेशभूषा ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि रामकृष्ण साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए और सफलता के लिए अनुशासन, परिश्रम, सही मित्र चयन, स्वास्थ्य, व्यायाम एवं संतुलित जीवनशैली को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय से प्राप्त संस्कार और ज्ञान विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से निकले विद्यार्थी भविष्य में प्रशासन, विज्ञान, चिकित्सा, तकनीक, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन:** विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना पर नृत्य, संगीत विभाग की ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति तथा पाश्चात्य एवं शास्त्रीय वाद्ययंत्रों का समन्वय कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसे उपस्थित अतिथियों ने भरपूर सराहा।

### फेयरवेल में रैम्प वॉक और सम्मान

फेयरवेल सत्र में रैम्प वॉक, प्रश्नोत्तर एवं अन्य गतिविधियाँ आयोजित की गईं। मिस्टर फेयरवेल सौम्य मिश्रा,मिस फेयरवेल अदिति तिवारी,फेस ऑफ द ईवनिंग शौर्या साहू रही। शाला नायक दक्ष भूतड़ा एवं शाला नायिका दृष्टि पटेल ने विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अतिथियों एवं हॉस्टल वार्डनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा दी गई मजबूत नींव उन्हें जीवनभर मार्गदर्शन देती रहेगी।

### प्राचार्य व संचालिका का प्रेरक संदेश

प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा ज्ञान केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दीपक है। उन्होंने विद्यार्थियों से ईमानदारी, मेहनत और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा हर प्रस्थान एक नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जहाँ भी जाएँ, संस्कार, विनम्रता और मानवता को साथ लेकर चलें। साथ ही सभी अतिथियों, पालकों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। यह नवम्-दीक्षांत एवं फेयरवेल समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक स्वर्णिम और अविस्मरणीय अध्याय बन गया।



# सामूहिक प्रयास से सबकी सफलता संभव: मंत्री बघेल

**नांदघाट।** क्षेत्र के विधायक कैबिनेट मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण दयालदास बघेल आज तरपोंगी की ग्रामीण युवा क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मैच में पहुंच कर पूरे मैच का आनंद ही नहीं लिए बल्कि विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और मंच से उपस्थित खिलाड़ियों ग्रामिणों एवं विशिष्ट जनों को अपने संदेश में उन्होंने कहा कि खेल भावना जो कि खिलाड़ी एक दूसरे को साथ लेकर चलना साथ साथ लक्ष्य के लिए नियम का पालन करते एक दूसरे का सम्मान और आगे बढ़ना। यही मंत्र हर विजयी टीम की सफलता का कारण है। और ये सफलता फिर और आगे बढ़ने की प्रेरणा होती है। तो पराजित टीम के लिए फिर से नए मैच के लिए नई तैयारी नये उत्साह का मौका है। इसी भाव के साथ समाज में एक दूसरे को सहारा देते हुए साथ और मदद करते हुए नये समाज के निर्माण को कहा। मंच पर राकेश राजपूत मंडल अध्यक्ष मारो हवेन्द्र वैष्णव मंडल अध्यक्ष बालसमुंद सोसायटी अध्यक्ष सीताराम साहु मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा निर्मला साहु उमेश साहु जनपद सदस्य. पूर्व समिति अध्यक्ष अरुण साहु तरपोंगी सरपंच संजय निषाद, सरपंच योगेश सरपंच राहुल शर्मा नीलकंठ साहु गंगाराम निषाद उपसरपंच दिलेश्वर साहु जिन्तु साहु खोमदास मानिकपुरी कोटवार समेत ग्रामवासी दर्शक रहे। इस प्रतियोगिता का फायनल संजारी नवागांव और नांदघाट के बीच हुवा जिसमें पहले नांदघाट ने 10 ओवर में 107 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में संजारी नवागांव अच्छा प्रति उत्तर देते हुए जीत के करीब भी जाती दिखी पर नांदघाट के गेंदबाजों ने आखरी ओवर में एक गेंद शेष रहते ही 97 पर आल आऊट कर प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार .. 15000. नगद एवं कप पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ीगण– गुपेश्वर निषाद, पुनीत ध्रुव, पुनेश्वर ध्रुव, दीपक यादव, अरुण ध्रुव, प्रवीण नाविक, मिथुन चंद्रवंशी, सुरेश सोनकर, मुकेश यादव, चिंतामणि पाल, भावेश पाल, परमेश्वर निषाद, मोंटू ठाकुर, कमलेश ध्रुव, कौशल साहू उपस्थित रहे।

# नवागढ़ में पहली बार एक दिवसीय फुटबॉल स्पर्धा में हुए रोमांचक मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

खेल और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम रविवार को नवागढ़ शासकीय विद्यालय मैदान में देखने को मिला, जब पहली बार एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आयोजन किया गया। सुबह से ही मैदान में उत्साह और जोश का माहौल था। खिलाड़ियों, कोच, अभिभावकों और क्षेत्र के खेलप्रेमियों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ी हुई थी। चार टीमों—नवागढ़, बेमेतरा, बेरला और मरका—ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और पूरे दिन फुटबॉल का रोमांच बना रहा।

■ नवागढ़ टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेमेतरा को 3–2 से हराकर जीता खिताब

टूर्नामेंट की शुरुआत लीग मुकाबलों से हुई। हर मैच में खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल, तेज़ मूवमेंट, सटीक पासिंग और गोल पोस्ट पर शानदार प्रयासों के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। स्टेडियम जैसी गूंज और तालियों की आवाज़ पूरे कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थी। खिलाड़ियों के बीच भाईचारे और खेल भावना की मिसाल भी देखने को मिली, जहां विभिन्न इलाकों से आए खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया और खेल के प्रति समर्पण दिखाया।

**फाइनल में सांसें रोक देने वाला मुकाबला:** दोपहर बाद फाइनल मुकाबला नवागढ़ और बेमेतरा की टीमों के बीच खेला गया। यह मुकाबला पूरे टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक क्षण बना। पहला हाफ बेहद संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें दोनों टीमों ने एक-एक गोल कर स्कोर बराबर रखा। दूसरे हाफ में नवागढ़ ने तेज़ आक्रमण किया और दूसरा गोल दागकर बढ़त हासिल की, परंतु बेमेतरा ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 2–2 कर दिया। मुकाबले के अंतिम मिनटों में नवागढ़ के स्ट्राइकर ने शानदार ड्रिब्लिंग करते हुए निर्णायक तीसरा गोल दागा, जिस पर दर्शक खुशी से झूम उठे। अंततः नवागढ़ ने 3–2 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम किया।



**तीसरे स्थान के लिए हुआ कड़ा मुकाबला:** बेरला और मरका के बीच हुए तीसरे स्थान के मुकाबले में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। अंतिम क्षणों में बेरला की टीम ने गोल कर 1–0 से जीत हासिल की और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### पुरस्कार वितरण में दिखा उत्साह

टूर्नामेंट समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम को 8,000 रुपये, उपविजेता को 5,000 रुपये, तृतीय स्थान पर रही टीम को 2,000 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। खिलाड़ियों को मेडल पहनाए गए और उनकी मेहनत एवं प्रदर्शन की सराहना की गई। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से क्षेत्र में खेलों को नई दिशा मिलेगी।

### युवाओं को खेल और नशामुक्ति की ओर प्रेरित करने का लक्ष्य

नवागढ़ फुटबॉल क्लब की आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल को बढ़ावा देना और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हुए फिटनेस एवं अनुशासन की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल जैसे खेल युवाओं में शारीरिक क्षमता, एकाग्रता और टीम भावना विकसित करते हैं, इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए।

**स्थानीय युवाओं का योगदान सराहनीय:** टूर्नामेंट को सफल बनाने में मैदान की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए पानी एवं प्राथमिक उपचार, दर्शकों की बैठने की व्यवस्था, तकनीकी संचालन और रेफरी पैनल सहित हर स्तर पर स्थानीय युवाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों की टीम ने पूरे दिन अनुशासन और संयोजन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

**स्थानीय खेल संस्कृति को मिलेगा नया आयाम:** स्थानीय खेलप्रेमियों ने उम्मीद जताई कि यह शुरुआत नवागढ़ में खेल गतिविधियों के नए दौर को जन्म देगी। फुटबॉल प्रतियोगिता को मिले भारी समर्थन और उत्साह ने यह साबित कर दिया कि नवागढ़ में प्रतिभा और ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर करने की तैयारी की जा सकती है।

# मल्दा स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला मल्दा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा एवं शासकीय उच्च माध्यमिक शाला मल्दा में माह जनवरी 2026 की तृतीय पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 9 जनवरी 2026 को किया गया। बैठक का शुभारंभ माँ ज्ञानदायिनी सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण, गुलाल अभिषेक एवं वंदना के साथ किया गया।

■ बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय व पालकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा की संयुक्त बैठक संकुल मल्दा, विकासखंड नवागढ़, जिला बेमेतरा में आयोजित की गई, वहीं शासकीय उच्च माध्यमिक शाला मल्दा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन पृथक रूप से किया गया। उच्च माध्यमिक शाला की बैठक का संचालन प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार तिवारी ने किया, जिसमें समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, बच्चों की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी साझा करना तथा पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा। साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शाला त्याग रोकने में पालकों की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई।



पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक कुमार सिंह साहू ने सुझावात्मक गतिविधियों पर अपने विचार रखे। वहीं प्राथमिक शाला मल्दा के प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए एफएलएन दक्षताओं को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पालकों को घर पर बच्चों के साथ सीखने की गतिविधियों, "सौ दिन–सौ कहानियाँ", लेखन कौशल विकास हेतु दीवार पत्रिका, बच्चों के आकलन एवं उनकी वर्तमान शैक्षणिक स्थिति की जानकारी दी।

### शिक्षकों ने कई गतिविधियों पर की चर्चा

बैठक में शिक्षकों द्वारा तैयार जादुई पिटारा, शाला म्यूजियम में रखी स्थानीय संस्कृति से जुड़ी सामग्री, प्रिंट-रिच कक्ष, खिलौना कॉर्नर तथा बच्चों को जोड़ी में पढ़ाने जैसी गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। पालकों से आग्रह किया गया कि वे बच्चों से प्रतिदिन शाला में पढ़ाए गए विषयों एवं गृहकार्य की जानकारी लें तथा घर में ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाएं, जिससे बच्चे खुलकर संवाद कर सकें। शिक्षक अशोक कुमार साहू ने शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थी विकास सूचकांक पर चर्चा की। अंत में आगामी बैठक की जानकारी देकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

**इनकी रही सहभागिता:** इस अवसर पर प्राथमिक शाला मल्दा से सहायक शिक्षक साहू, धनीराम साहू, गोपाल प्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा से दरस राम निषाद, आशा राम ध्रुव, तथा कौशल साहू (सीएसी मल्दा) की सहभागिता रही।कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम सिंह बैस, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मल्दा ने किया।

# सहयोग संस्था ने 101 पौधों से रचा हरित संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जब शहरों में कंक्रीट के जंगल तेजी से फैल रहे हों और हरियाली सिमटती जा रही हो, ऐसे समय में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सहयोग संस्था ने पर्यावरण संरक्षण को आंदोलन का रूप दे दिया है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के संकल्प के साथ सन 2001 से लगातार सक्रिय सहयोग संस्था न केवल शहर की स्वच्छता में योगदान दे रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव भी रख रही है। इसी सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण शनिवार प्रातः कृषि उपज मंडी प्रांगण, बेमेतरा में देखने को मिला, जहां स्वर्गीय अचलदास जी चाचा की स्मृति में 101 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का स्पष्ट संदेश दिया गया। यह पौधारोपण अभियान स्व. अचलदास चाचा के सुपुत्र बंटी (दिलीप) चाचा अध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन एवं चाचा परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान के तहत नीम, पीपल, कटहल, करंज, मोलश्री, जामुन, आम, कदम्ब जैसे लगभग 7 फीट ऊंचाई के छायादार पौधे लगाए गए, जो भविष्य में न केवल पर्यावरण को शुद्ध करेंगे, बल्कि आम नागरिकों को छाया और ऑक्सीजन भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में बंटी चाचा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे ने कहा कि "सहयोग संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवित रखना है। संस्था के सदस्य प्रतिदिन अपने जीवन का एक घंटा शहर की स्वच्छता, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित करते हैं।" उन्होंने इसे समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी बताया। विशेष अतिथि बंटी चाचा ने भावुक शब्दों में कहा कि मेरे पिता जी स्व. अचलदास चाचा ने हमेशा समाज और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलने की सीख दी। उनकी स्मृति में लगाए जा रहे इन पौधों की देखरेख और संरक्षण पर आने वाला पूरा खर्च मैं और मेरा परिवार वहन करेंगे।" उनके इस संकल्प ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा दी। मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने कहा कि "सहयोग संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य प्रशासन के लिए भी प्रेरणादायक है। सरकार की ओर से शीघ्र ही सहयोग को वृहद पौधारोपण अभियान के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि बेमेतरा को हरित शहर के रूप में विकसित किया जा सके।"

■ स्व. अचलदास की स्मृति में कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण



### काबरा ने दी भावी योजनाओं की जानकारी

इस अवसर पर रमन काबरा ने सहयोग की गतिविधियों और भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी शासकीय भूमि पर पीपल, नीम, बरगद जैसे छायादार वृक्षों की अवैध कटाई होती दिखाई दे, तो तुरंत सहयोग संस्था को सूचित करें, ताकि ऐसे पेड़ों को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जा सकें। समाजसेवी ताराचंद चाचा ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल संस्थाओं की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम के दौरान सहयोग संस्था की ओर से बंटी चाचा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन रामा मोटवानी ने किया। इस आयोजन में श्रीनिवास द्विवेदी (पूर्व सीएमओ, भिभोरी), श्री चंद्राकर (प्राचार्य), बाल हरि देवांगन (शिक्षक), प्रमोद ढाकुर (आत्मानंद स्कूल), अंजू पांडे, प्रवीण पाठक, पवन वर्मा (लक्ष्य ग्रुप) के साथ कृषि मंडी के प्रतिनिधि राजू यादव, पार्षद नीतू कोठारी, गौरव साहू, रोशन दत्ता, विकाश तम्बोली एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# जैन समाज की महिलाओं ने शालाओं में मनाया मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

नगर की शासकीय प्राथमिक शालाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थानीय जैन समाज की महिलाओं द्वारा मकर संक्रांति पर्व को सेवा, संस्कार और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अध्ययनरत बच्चों को तिल के लड्डू वितरित किए गए तथा ठंड से बचाव के लिए मोज़े प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अनमोल सरिता जैन ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को भारतीय पर्व-त्योहारों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि जैन समाज द्वारा पूर्व वर्षों से नगर की शालाओं में न्योता भोज, दीपावली, होली एवं नववर्ष जैसे पर्व निरंतर मनाए जाते रहे हैं। इन अवसरों पर बच्चों को नए कपड़े, स्वेटर, जूते-मोज़े, छाते, स्कूल बैग तथा मिठाइयों का वितरण किया जाता है।

■ सेवा से खिले बच्चों के चेहरे



इसी क्रम में पूर्व में आयोजित बाल मेले में समाज की महिलाओं ने बच्चों द्वारा बनाए गए पकवानों को क्रय कर उनका उत्साहवर्धन भी किया था। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज की महिलाओं ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजहित और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक हरि केडिया, प्रधान पाठक मोहन सिन्हा सहित शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजन को सफल बनाने में त्रिवेणी बाई चोपड़ा, अनीता श्री श्रीमाल, सरिता जैन, डॉली जैन, शशि चोपड़ा, प्रेरणा जैन, प्रियंका जैन, रानी जैन, रानी रमेश जैन, संध्या चोपड़ा, सुचिता चोपड़ा सहित जैन समाज की महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा।

